महत्वपूर्ण एवं खास

तेंदूपत्ता तोड़ने गए बुजुर्ग पर दो भालुओं ने किया हमला

न्याय साक्षी/रायगढ़। छाल थाना क्षेत्र में तेंदुपता संग्रहण करने के लिए जंगल गए 65 साल के एक बुजुर्ग पर दो भालुओं ने हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में ईलाज के लिए रायगढ़ लाने के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना में तेंदुपत्ता संग्राहकों में भय का माहौल बन गया है। मिली जानकारी के मुताबिक ठाकुर दास पिता लगन दास उम्र 65 वर्ष छाल का रहने वाला है। सुबह वह स्थानीय ग्रामीणों के साथ जंगल में तेंदुपत्ता तोड़ने के लिए जंगल की तरफ गया हुआ था। दूसरे ग्रामीणों के साथ वह भी तेंदूपत्ता इकट्ठा करने में व्यस्त था। इस बीच लगभग 9 बजे के आसपास झाड़ियों मैं छिपे दो भालूओं ने हमला कर दिया। जिसमें अन्य ग्रामीण अपनी जान बचाकर भागने में कामयाब हो गए। लेकिन ठाकुर दास वहीं फंस गया। जिसके बाद दोनों भालूओं ने बुजुर्ग पर हमला कर दिया। इस दौरान ठाकुर दास की चीख पुकार सुनकर साथ गए कुछ ग्रामीण भालू को भगाने के लिए मशक्कत करने लगे। जहां किसी तरह ग्रामीणों ने दोनों भालूओं को भगाने में कामयाब रहे तो वहीं बुजुर्ग ग्रामीण पूरी तरह से भालू के हमले से जख्मी हो गया।

महिला ने खुद को आग लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

न्याय साक्षी/रायगढ़। कोतरा रोड के नवापारा गांव में एक महिला ने खुद को कमरे में बंद कर आग लगा ली, जिसमें वह गंभीर रूप से जल गई। महिला को नाजुक हालत में ईलाज के लिए रायगढ़ मेकाहारा में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई गई है। घटना कोतरा र ोड के नवापार गांव की बताई गई है। जहां रहनेवाली 30 वर्षीय अमेरिका बरेठ पति लक्ष्मी बरेठ द्वारा शुक्रवार सुबह तब खुद को आग के हवाले कर दिया, जब उसके पति सहित परिवार के लगभग सभी सदस्य घर में मौजूद थे। बताया गया कि महिला ने इस दौरान खुद को कमरे में बंद कर लिया था। कमरे से जब आग की लपटे निकलने लगी, उसके बाद घर के लोगों को उसकी जानकारी हुई। पुलिस के अनुसार फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि महिला ने किन कारणों ने आग लगाकर आत्महत्या की कोशिश की थी।

10 ड्रम अवैध मिट्टी तेल पकड़ाया, धरमजयगढ़ पुलिस की कार्यवाई

न्याय साक्षी/रायगढ़। धरमजयगढ़ पुलिस को मिली सफलता 10 ड्रम अवैध मिटटी तेल सहिंत आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे बताया जा रहा है क्षेत्र में काफी दिनों से मिटटी तेल की कालाबजारी हो रही थी खबर पर अर्जुन कुर्रे धरमजयगढ़ अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाई करते हुए मिट्टी तेल से भरे ड्रम को जब्त कर आरोपी विजय साव को रिमांड पर जेल दाखिल किया ।

दर असल पूरा मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के सिसरिंगा गाँव के बंजारा ढाबा की है जहाँ मिटटी तेल की कालाबाजारी काफी दिनो से चल रही थी, जिसकी खबर पुलिस को मिल रही थी पर सहीं समय का इन्तेजार था समय आने पर मुखबीर की सुचना पर एस डी ओ पी अर्जुन कुर्रे सिपाही संत राम पटेल के साथ टीम गठित कर ढाबा में छापेमार कार्यवाई करते हुए 10 ड्रम यानी 2000 लीटर अवैध मिटटी तेल के साथ आरोपी विजय साव को पकड़ने में कामयाबी हांसिल की और अवैध मिट्टी तेल सहिंत आरोपी को धरमजयगढ़ थाने लाकर ,मिट्टी तेल की काला बाजारी करने के आरोप में विजय साव के ऊपर मामला दर्ज कर रिमांड पर जेल दाखिल किया गया ।

याद दिलादे धरमजयगढ़ क्षेत्र में मिट्टी तेल की कालाबाजारी का ये पहला मामला नहीं है इससे पहले भी कई ढाबाओं में मिट्टी तेल की काला बाजारी का मामला आ चूका है, जिस पर धरमजयगढ़ पुलिस बखूबी कार्यवाई की है लेकिन यहाँ जहन में ये सवाल उठना लाजमी हो रहा है की ढाबा संचालको के पास इतनी भारी तादाद में आखिर मिट्टी तेल कहाँ से आ रहा है ? निःसंदेह ये गहन जांच का विषय है इस दिशा में भी पुलिस द्वारा अच्छी जांच हो तो शायद ढाबा में हो रहे मिट्टी तेल की कालाबाजारी पर अंकुश लग सकता है।

12 वीं में फैल हो जाने से क्षुब्ध होकर कर छात्र ने की आत्महत्या

न्याय साक्षी/रायगढ़। रायगढ़ के धरमजयगढ़ के ग्राम चंद्रशेखरपुर एडु का रहने वाला कक्षा 12 वी का छात्र फ़ेल हो जाने से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया।

एडु चंद्रशेखरपुर का रहने वाला ओमप्रकाश चौहान पिता जलिन्धर चौहान जो 12 वी परीक्षा दिया था कल ही रिजल्ट आया और परीक्षा परिणाम देखकर परेशान हो गया। बताया जा रहा है कि घर के लोगो को फेल हो जाने की खबर मिलने पर वह क्या बताएगा जबकि इसके पहले पिछले साल भी फ़ेल हो गया था इस साल पास हो जाने की उम्मीद थी लेकिन ऐसा नही हो सका इसी से बताया जा रहा है कि परेशान हो सदमे में घर मे ही फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

मृतक ओमप्रकाश छाल के हाई स्कूल में पढ़ाई करता था मृतक छात्र के पिता एसइसीएल में कर्मचारी है और वो बैकुंठपुर में कार्यरत है यहाँ ऐंडूगाँव में अपने भाई माँ के साथ रहकर छाल स्कूल में पढ़ाई कर रहा था।

बताया जा रहा है इससे पहले भी बारहवीं क्लास में फेल चूका था ये दूसरी बार था इसिलए छात्र मानसिक तनाव में आकर ये कदम उठाया और घर के म्यार में रस्सी के फंदे में झूल गया । छात्र ने जब ये कदम उठाया उस समय घर में कोई भी सदस्य मौजूद नहीं थे सभी काम से बाहर थे ।

जब देर शाम माँ और भाई घर पहुंचे तब ओम प्रकाश फांसी के फंदे पर लटका हुआ था और उसकी साँसे थम चुकी थी। फांसी के फंदे में लटका देख घर के लोगो माँ और भाई के पैर तले जमीन खिसक गई और चीख पुकार मच।गया।

फिलहाल फ़ेल पास के चक्कर मे युवा ने ऐसा कदम उठा लिया जिससे परिवार सदमे में आ गए बाद में उन्हें पता चला कि आज रिजल्ट आया था और फ़ेल होने की वजह से ऐसा कदम उठा लिया। मामले की जानकारी पुलिस को दिए जाने पर विवेचना में लिया गया।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्लास्टिक पर रोग लगो आदेश जारी

न्याय साक्षी/रायगढ़। ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से हो रहे प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए राज्य शासन द्वारा आदेश जारी किया गया है, जिसमें गांवों में किसी भी व्यक्ति द्वारा प्लास्टिक के इस्तेमाल करने पर उसके खिलाफ ग्राम सभा में जुर्माना लगाने के लिए कहा गया है। उक्त निर्देश प्लास्टिक कैरीबैग या प्लास्टिक से बने दूसरे सामान पर लगे प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करने के नजरिए से दिए गए हैं।प्रदेश में सितंबर 2017 से प्लास्टिक कैरीबैग, अल्प जीवन पीवीसी, क्लोरिनयुक्त प्लास्टिक तथा विज्ञापन एवं प्रचार सामग्री तथा खानपान में इस्तेमाल की जानेवाली प्लास्टिक के सामान पर प्रतिबंध लगाया है, जिसमें शहरी क्षेत्रों में काफी हद तक कामयाबी मिल गई है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में इस पर कड़ाई से पालन नहीं किया जा रहा है, जिसे देखते हुए राज्य सरकार ने सभी जिलों के कलेक्टर को पंचायतों में प्लास्टिक के इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए कहा है और इस दिशा में की गई कार्रवाई की पूरी रिपोर्ट माह के अंत तक रायपुर में प्रस्तुत करने के लिए कहा है।

ग्राम पंचायतों में प्लास्टिक के हो रहे इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए जारी आदेश के अनुसार जिला प्रशासन, जिपं को यह निर्देश दिया है कि वह सभी पंचायतों में आदेश जारी करें कि पंचायत के सीमा क्षेत्र में स्थित पर्यटन स्थल, सार्वजनिक तालाबों, सार्वजनिक स्थानों और हाट बाजार, बस स्टेंड, शासकीय भवनों, चौपाल आदि जगहों पर प्लासिटक के इस्तेमाल पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाएं।

राज्य निर्वाचन आयोग से आए पदाधिकारियों की उपस्थिति में दिया गया मतगणना प्रशिक्षण

न्याय साक्षी/रायगढ़। लोकसभा निर्वाचन 2019 के लिए 23 मई को होने वाले मतगणना के संबंध में आज कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में मतगणना प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी समीर विश्रोई, कलेक्टर जशपुर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, प्रभारी कलेक्टर रायगढ़ सुखनाथ अहिरवार, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आशीष कुमार टिकरिहा, मनीष मिश्रा सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पुलक भट्टाचार्य, जिला पंचायत सीईओ रायगढ़ चंदन संजय त्रिपाठी, जिला पंचायत सीईओ जशपुर राजेन्द्र कुमार कटारा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ आर.एस.कुरूवंशी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी जशपुर आई.एल.ठाकुर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मनीष मिश्रा ने कहा मतगणना के दौरान पोस्टल बैलेट, ईटीपीबीएस (इलेक्ट्रानिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम), सीयू एवं व्हीव्हीपीटी के मतपत्रों की गणना होगी। ईटीपीबीएस के क्यूआर कोड का स्केनिंग होने के बाद स्केन का क्रमांक लिखा जाएगा। स्केनिंग का कार्य समाप्त होने पर सामान्य पोस्टल बैलेट के समान मतगणना की जाएगी। उन्होंने कहा कि ईटीपीबीएस के क्यूआर कोड की स्केनिंग करने का कार्य टेक्निकल है। क्यूआर कोड स्केन करने के लिए अच्छी टीम बनाएं। उन्होंने कहा कि मतगणना के दृष्टिकोण से यह प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है और सभी अधिकारियों की अ ल ग - अ ल ग महत्वपूर्ण भूमिका है। मतगणना में सभी अधिकारियों का आपसी समन्वयक एवं सहयोग अच्छा होना चाहिए। उन्होंने मतगणना व्यवस्था, वैधानिक प्रावधान, आधारभूत संरचना, सुरक्षा व्यवस्था, गणनाकर्मी एवं गणना अभिकर्ता, डाकमत पत्रों की गणना ईव्हीएम में दर्ज मतपत्रों की गणना आदि के संबंध में चर्चा की। टेबुलेशन अच्छी तरह होना चाहिए। ईव्हीएम एवं अन्य प्रपत्रों की सीलिंग के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नामित सीलिंग स्टाफ होगा।

ईव्हीएम एवं -सीयू को टेबल में ले जाते वक्त परिवहन के लिए भी अधिकारी नियुक्त करें एवं चार्ट बनाकर रखें। किस टेबल में कौन से राउंड में कौन सी मशीन आएगी यह सुनियोजित होना चाहिए। रनर का कार्य होगा कि प्रत्येक राउंड के गणना की फोटोकापी सभी अभिकर्ता को देगा। उन्होंने कहा कि डाक विभाग के प्रतिनिधि पहले से चिन्हित कर लें।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं ज़र्नलिस्ट बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी शुक्ले एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में तमाम सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL
HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
Topper Students Last Session
Tarun 90% Yamini 98%
Shraddha 93% Priyanka 96%
Prerna 84% Hitendra 99%
Akanksha 90% Geetanjali 99%
Chetna 94% Arpita 93%
Arpita 98% Rakesh 97%
Sejal 88% Shiva 97%
Topper Students Last Session
Sushant 92% Prince 97%
Kusum 98% Abhishek 99%
Ayush 93% Prachi 97%
Tulika 96% Pari 96%
Aradhya 97% Ananya 99%
Ashish 96% Ankita 99%
Join CAREER...
Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....
CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480